## एक नजर में

### सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के प्रयास से जल्द मिलेगा वेतन

**बुरहानपुर।** लालबाग स्थित ताप्ती मिल के लगभग 750 कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। करीब 11 माह से लंबित वेतन के मामले में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के लगातार प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। सांसद की पहल और केंद्र स्तर पर लगातार की गई पैरवी के बाद एक-दो दिनों के भीतर 11 माह के बकाया वेतन में से दो माह के वेतन का भुगतान किया जाएगा। जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने इस गंभीर विषय को प्रमुखता से उठाते हुए नई दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव से मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया था। उन्होंने बताया था कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों को भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। सांसद के लगातार प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप अब एक.दो दिनों में दो माह के बकाया वेतन का भुगतान किया जाएगा। इसे लंबे समय से वेतन की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि दो माह के वेतन का भुगतान पहला कदम है। शेष 9 माह का बकाया वेतन भी कर्मचारियों को जल्द से जल्द मिलेए इसके लिए वे वस्त्र मंत्रालयए नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन ;एनटीसीद्ध तथा संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं और हर स्तर पर प्रयास जारी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि शेष बकाया वेतन का भी जल्द सकारात्मक समाधान होगा। प्रयासों के बाद मिली इस राहत से ताप्ती मिल के कर्मचारियों और उनके परिवारों में नई उम्मीद जगी है।



### गुरु पूर्णिमा पर आज होगा सत्संग और महाभंडारा

**बुरहानपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जय गुरुदेव संगत, जिला बुरहानपुर द्वारा 29 जुलाई 2026 को पाटीदार वाड़ी, गणपति नाका, बुरहानपुर में विशाल सत्संग एवं महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। सत्संग के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद ; भंडारा की व्यवस्था रहेगी। जय गुरुदेव संगत, जिला बुरहानपुर के संचालक श्री नंदुलाल मोरे ने बताया कि संगत का प्रमुख उद्देश्य समाज में शाकाहार, नशामुक्ति, आत्मकल्याण, आध्यात्मिक जागृति एवं नैतिक मूल्यों का प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि संगत नियमित रूप से युवाओं को नशामुक्त,सदाचारी एवं संस्कारयुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करती है। साथ ही, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग के समर्थन में समय.समय पर जनजागरण अभियान भी संचालित किए जाते हैं। संगत के पदाधिकारी प्रभाकर लोखंडे, राजू कुशवाह, कैलाश कुशवाह, महेंद्र राठौर, राजू प्रजापति सहित सभी कार्यकर्ताओं ने जिले के नागरिकों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर सत्संग का लाभ लेने तथा महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।



### डॉ .शीतल पाटीदार ने लिखी चिकित्सा विज्ञान पर किताब



**बुरहानपुर।** प्रो.बृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेस, बुरहानपुर की सूक्ष्मजीव विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉण् शीतल केण् पाटीदार ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान एवं संक्रामक रोगों पर आधारित एक महत्वपूर्ण पुस्तक का लेखन किया है। वर्ष 2026 में प्रकाशित यह पुस्तक चिकित्सा विद्यार्थियोंए प्रशिक्षु चिकित्सकों तथा शोधार्थियों के लिए एक उपयोगी अध्ययन सामग्री के रूप में तैयार की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पुस्तक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी। डॉ.शीतल पाटीदार ने श्री शिवाजी महाविद्यालय, अकोला से स्नातकोत्तर,एम.फिल तथा डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त की हैं। उनका शोध कार्य ताप्ती नदी के जल गुणवत्ता सूचकांक एवं सूक्ष्म जैव विविधता पर आधारित रहा है। 21 वर्षों से अधिक के शिक्षण एवं शोध अनुभव के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में अनेक शोध.पत्र प्रकाशित किए हैं तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पुस्तक में चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान के मूल सिद्धांतों के साथ संक्रामक रोगों की पहचान, संक्रमण की प्रक्रिया, प्रयोगशाला परीक्षण,रोगों की रोकथाम एवं उपचार संबंधी विषयों को सरल, वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसकी भाषा और प्रस्तुतीकरण विद्यार्थियों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है,जिससे जटिल विषयों को भी सहजता से समझा जा सके। संस्थान की संचालक श्रीमती राखी मिश्रा,अमित मिश्रा,अनिल जैन एवं प्रियम्वदा मिश्रा ने डॉ. शीतल पाटीदार को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पुस्तक चिकित्सा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई पहचान प्रदान करेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य सैयद आसिफअली एवं डॉ.जैनुद्दीन अली ने भी डॉण् शीतल पाटीदार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्थान के प्राध्यापकों द्वारा किए जा रहे ऐसे शोधपरक एवं शैक्षणिक कार्य महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ.शीतल पाटीदार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### जनसुनवाई में लोगों ने दिए 87 आवेदन




**बुरहानपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित करीबन 87 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही एवं निराकरण करने की बात भी कही।

# 113 स्कूलों के 32 हजार छात्रों ने लिखे नशामुक्ति संदेश होंगे वर्ल्ड बुक में दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को जिले में एक अभूतपूर्व वृहद नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें जिले के 113 विद्यालयों के कुल 32,002 विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशे के विरुद्ध सामूहिक जनसंकल्प का संदेश दिया। इन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करवाने भेजा है।

जानकारी अनुसार नवोदय विद्यालय, बुरहानपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक ही समय पर अपने हाथों से नशामुक्ति संबंधी संदेश लिखे। उन पर हस्ताक्षर किए तथा नशीले पदार्थों से दूर रहने, अपने साथियों को जागरूक करने और परिवार एवं समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने की शपथ ली। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों द्वारा एक साथ हस्तलिखित नशामुक्ति संदेश लिखकर हस्ताक्षर करने की इस विशिष्ट उपलब्धि को विश्व बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में विश्व रिकॉर्ड के रूप में




दर्ज कराने आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रेषित किए गए हैं। रिकॉर्ड प्रयासों के लिए दस्तावेजी प्रमाण, फोटो, वीडियो, मीडिया कवरेज और सत्यापन की व्यवस्था रखता है।

कार्यक्रम में कलेक्टर बुरहानपुर हर्ष सिंह, एसपी आशुतोष बागरी तथा विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों के अनुशासन, ऊर्जा और सामाजिक दायित्व बोध की सराहना करते हुए इसे बुरहानपुर के स्वस्थ, सुरक्षित और



जागरूक भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

**हस्तलिखित संदेश का विशेष महत्व:**-यह आयोजन केवल एक बड़े आंकड़े अथवा रिकॉर्ड प्रयास तक सीमित नहीं है। अपने हाथों से संदेश लिखना विद्यार्थियों को नशामुक्ति के विचार से व्यक्तिगत रूप से जोड़ता है। लिखा गया। प्रत्येक शब्द और किया गया प्रत्येक हस्ताक्षर बच्चों के भीतर नशे के विरुद्ध नैतिक चेतना, आत्मनियंत्रण और सामाजिक जिम्मेदारी के भाव को मजबूत करता है। जब एक विद्यार्थी स्वयं लिखता है नशे से दूरी है जरूरी, तो वह संदेश उसके लिए केवल नारा नहीं रहता, बल्कि व्यक्तिगत संकल्प का रूप लेता है। यही संकल्प आगे चलकर परिवार, मित्र समूह,विद्यालय और समाज में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन का आधार बनता है।

**पूरे समाज की लड़ाई:**-बुरहानपुर के 32,002 विद्यार्थियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि नशामुक्ति की लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा अभियान है। बच्चों को केंद्र में रखकर चलाया गया यह कार्यक्रम रोकथाम.आधारित पुलिसिंग, जन सहभागिता और सकारात्मक सामाजिक हस्तक्षेप का प्रेरक उदाहरण है।

विद्यार्थी समाज के सबसे प्रभावशाली संदेशवाहक हैं। वे अपने घरों में माता.पिता, भाई.बहनों और अन्य परिजनों तक नशे के दुष्परिणामों की बात पहुंचाते हैं तथा अपने साथियों को गलत संगति और नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस प्रकार यह पहल विद्यालय परिसर से आगे बढ़कर हजारों परिवारों तक पहुंचने वाली जनचेतना का माध्यम बनेगी।

**विश्व रिकॉर्ड प्रविष्टि की प्रासंगिकता:**-वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में इस उपलब्धि की प्रविष्टि भेजे जाने से बुरहानपुर के नशामुक्ति अभियान को व्यापक पहचान मिलने की संभावना है। इससे जिले की सकारात्मक छवि सुदृढ़ होगी तथा अन्य जिलों, संस्थाओं और युवा संगठनों को भी नशे के विरुद्ध रचनात्मक, सह भागितापूर्ण और बच्चों.केंद्रित अभियान चलाने की प्रेरणा मिलेगी। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में अपने प्रमाणित रिकॉर्डों के लिए आधिका रिक प्रमाणपत्र निर्देशिका भी रखता है। इस पहल की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि इसमें जागरूकता को प्रतिस्पर्धा नही, बल्कि सामूहिक उत्तरदायित्व बनाया गया है। रिकॉर्ड के लिए भेजी गई यह प्रविष्टि बुरहानपुर की प्रशासनिक क्षमता, पुलिस.प्रशासन के समन्वय, शिक्षकों की सक्रिय भूमिका, अभिभावकों के विश्वास और विद्यार्थियों के अनुकरणीय उत्साह का प्रमाण है।

**नशे के विरुद्ध बुरहानपुर का स्पष्ट संदेश:**-नशीले पदार्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, पारिवारिक संबंधों, आर्थिक स्थिति और भविष्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। नशा अपराध,हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं, शिक्षा से दूरी और सामाजिक विघटन का कारण भी बन सकता है। इसलिए नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता,संवाद,समय पर हस्तक्षेप और सामुदायिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बुरहानपुर पुलिस अपील करती है कि वे नशे के विरुद्ध इस जनआंदोलन में सक्रिय भागीदार बनें, बच्चों एवं युवाओं से खुलकर संवाद करें, नशे के दुष्परिणामों के प्रति उन्हें सजग करें।

## स्वास्थ्य शिविर में 47 लोगों का परीक्षण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 27 जुलाई को ग्राम पंचायत खड़की में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 47 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया।

शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.कैलाश, डॉ.अकरम खान जनरल फिजिशियन द्वारा स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का नि:शुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में और सरपंच और सचिव के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## ताप्ती मिल कर्मचारियों के वेतन को लेकर कांग्रेसियों का ज्ञापन

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में नेशनल टेक्सटाइल्स कार्पोरेशन द्वारा संचालित ताप्ती मिल के सुरक्षा और इलेक्ट्रिशियन विभाग के कर्मचारियों का वेतन पिछले एक साल से लंबित है। बकाया वेतन की मांग को लेकर कर्मचारी पिछले पांच दिनों से मिल के सामने टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। मंगलवार को कर्मचारियों ने कांग्रेस नेताओं के साथ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और जल्द वेतन जारी करने की मांग की।



**एक साल से वेतन नहींए आर्थिक संकट गहराया:**-कर्मचारियों का कहना है कि पिछले एक साल से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है और वे रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं।उनका कहना है कि किरानाए इलाज और बच्चों की स्कूल फीस जैसी जरूरी जरूरतों के लिए भी उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**23 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर कर्मचारी:**-कर्मचारियों ने बताया कि वे 23 जुलाई से मिल के बाहर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। इसके बावजूद मिल प्रबंधन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक पूरा बकाया वेतन जारी नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**कांग्रेस ने भी उठाई कर्मचारियों की आवाज:**-शहर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टाक ने कहा कि एक साल से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है और उनके परिवार गंभीर परेशानियों से गुजर रहे हैं। वहीं निगम अध्यक्ष अनीता यादव ने भी कर्मचारियों का समर्थन करते हुए पूरा बकाया वेतन जल्द जारी करने की मांग की। डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला ने भरोसा दिलाया कि मांगों को संबंधी अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

## तीन दिवसीय कृषि अनुसंधान और वैल्यू एडिशन लैब की मांग

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** खंडवा संसदीय क्षेत्र के किसानों को आधुनिक खेती,वैज्ञानिक तकनीकों और कृषि आधारित उद्योगों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंगलवार को नई दिल्ली में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से आत्मीय भेंट कर खंडवा संसदीय क्षेत्र में तीन दिवसीय कृषि अनुसंधान एवं मूल्य संवर्धन ;वैल्यू एडिसन प्रयोगशाला कार्यक्रम आयोजित कराने का आग्रह किया। सांसद ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री को एक विस्तृत आग्रह पत्र भी सौंपा।



सांसद पाटील ने कहा कि खंडवा लोकसभा क्षेत्र पूरी तरह कृषि प्रधान क्षेत्र हैए जहां हजारों परिवारों की आजीविका खेती पर निर्भर है। बदलते समय में केवल पारंपरिक खेती से किसानों की आय बढ़ाना संभव नहीं है। ऐसे में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसंधान, फसल प्रसंस्करण ;प्रोसेसिंग,पैकेजिंग,ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन की जानकारी उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। यदि क्षेत्र में तीन दिवसीय कृषि अनुसंधान एवं वैल्यू एडिशन प्रयोगशाला कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो किसानों को देश के कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा।

## श्रीराम मंदिर चिंचाला में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का होगा निर्माण

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** करीब 130 वर्ष पुराने उपनगर स्थित श्रीराम मंदिर में पिछले 8 वर्षो से लगातार पवित्र श्रावण माह में भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पुरे भक्ति भाव के साथ किया जा रहा हैं। उसी के तहत इस वर्ष भी 30 जूलाई से प्रारंभ हो रहे श्रावण मास के पहले दिन से ही सवा लाख पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का कार्य प्रारंभ होने जा रहा हैं। इस संबंधी में मंगलवार को लालबाग श्रीराम मंदिर चिंचाला प्रांगण में श्रीराम मंदिर संस्थान की ओर से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष अमर यादव, सचिव गणेश दुनगे, कोषाध्यक्ष अजय वर्मा, निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जुलाई से सावन के एक महीने तक रोजाना पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। समिति द्वारा पिछले 8 वर्षों से सावन महीने में पार्थिव शिवलिंग का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसको लेकर भक्तों में भी काफी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा हैं। पार्थिव शिवलिंग निर्माण को लेकर मंदिर में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

समिति के सचिव समिति गणेश दुनगे ने बताया कि



पार्थिव शिवलिंग के निर्माण के साथ ही साथ इस पवित्र माह में 18 अगस्त से 24 अगस्त तक दोपहर 2 बजे से 5 तक कथा वाचक ममता दीदी के मुखारबिंद से श्रीराम कथा का रसपान करवाया जाएगा। इसी दौरान 20 अगस्त को आर्ट ऑफलिविंग के द्वारा रात्रि 9 बजे गान, ग्यान और ध्यान का महात्संग का आयोजन किया जाएगा, 25 अगस्त को बनाए गए सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का विधी विधान के साथ पूजन कर विसर्जन चल समारोह निकालते हुए पवित्र मां ताप्ती में विसर्जन होगा। साथ ही 26 अगस्त को सुबह 11 बजे से सुंदरकांड के पाठ के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। प्रेसवार्ता में मंदिर पूजारी राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, लालचंद साहू, चंपालाल यादव,बंशीलाल गुप्ता, रूप चंद वाधवानी,उषा मिश्रा, लक्ष्मी श्रीवास, संपतबाई वर्मा, संताष बैडवाले सहित समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा निमित्त आर्ट ऑफ लिविंग का विशेष सत्संग आज लालबाग के वृन्दावन धाम में

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग का सत्संग गुरू पूरणीमा निमित्त बुधवार रात्रि 8 बजे से लालबाग के वृन्दावन धाम मे संस्था सदस्य संजय मुंगी के निवासिय परिसर में होगा।

संस्था के केन्द्र प्रमुख संतोष देवताले व प्रशिक्षका स्नेहा मुंगी ने बताया कि आज के सत्संग में व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्रॉफ,भरत रावल,विजय दुम्बानी,राजेन्द्र पवार, दिपाली पंडित,राजरानी मेहता, अश्विनी मेहता, ईश्वरीय



आराधना और गुरु भक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे। सत्संग में प्रशिक्षिक रविन्द्र पंडित द्वारा आगामी सप्ताह मे प्रारंभ हो रहे हैप्पीनेस प्रोग्राम शिविर की जानकारी दी जाएगी। गुरू पूर्णिमा का विशेष सतसंग 8 से 10 बजे का रहेगा। प्रशिक्षक रजनी अग्रवाल, युवराज रघुवंशी, योगेश श्रॉफ, उपेंद्र सराफ,लक्ष्मण मित्तल,चिंतामन महाजन, मुकेश पूव,शेखर बोहरा, प्रमोद गाड़िया, शेखर बोहरा ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## यूजी-पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए अंतिम अवसर

**बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.एम. शकील ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 2026.27 के अंतर्गत ऐसे इच्छुक विद्यार्थी जो स्नातक ;यूजी एवं स्नातकोत्तर ;पीजी कक्षाओं में प्रवेश लेना चाहते है किंतु किसी कारणवश प्रवेश नहीं लिया है ऐसे विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। उक्त कक्षाओं में प्रवेश इच्छुक विद्यार्थी सेवासदन महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आकर प्रवेश ले सकेगे। सेवासदन सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी इस अंतिम अवसर का समय रहते अधिक से अधिक लाभ उठावें जिससे भविष्य में ऑनलाइन प्रवेश संबंधी असुविधा न हो। समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला ने भी विद्यार्थियों को इस अंतिम अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।

**एक नजर**

## जय जगन्नाथ के उद्घघोष के साथ निकली रथ यात्रा, उमड़ा सैलाब...

# यूक्रेन, जलगांव और अकोला से भी आए भक्त, झाड़ू से खुद रास्तों को साफ करते दिखे लोग

**बुरहानपुर।** इस्कॉन संस्था के तत्वावधान में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। महाजनापेठ स्थित बालाजी मंदिर से शुरू हुई इस यात्रा का समापन शनवारा गुजराती समाज वाड़ी में हुआ। सिर्फ मध्यप्रदेश या महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि यूक्रेन से भी आए विदेशी भक्तों की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। 21 फीट ऊंचे और करीब 4 टन वजनी रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया।





शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी इस यात्रा के दौरान हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस्कॉन बुरहानपुर प्रभारी हेमांग निमाई दास प्रभु जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह इस आयोजन का तीसरा वर्ष है।

भगवान जगनाथ सिर्फ पुरी के ही नहीं, बल्कि पूरे ब्रह्मांड के नाथ हैं। यही वजह है कि आज सीमाओं और देशों की दूरियां मिटाकर कुक्रेन जैसे दूर देशों के भक्त भी यहां खिंचे चले आए हैं। रथ यात्रा में युक्रेन, जलगांव,अकोला, हरदा, पाचोरा और जून बोदवाड़ा से आए भक्तों ने हिस्सा लिया। इस जाप दौरान विवेक कोचर, महंत श्री पुष्करानंद जी कुलाई महाराज,उदासीन आश्रम, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने,अजय रघुवंशी, सुरेंद्रसिंह शेरा,अजीत परदेशी, महेशसिंह चौहान, गजेंद्र पाटील, ममता व्यास, दिनेश पारीक, गौरी शर्मा, सत्यनारायण लडडा ,मुकेश डालमिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

मगवान जगनाय बलभद्र व सुभद्रा के दर्शन कर भक्तों ने जयघोष लगाए। यात्रा में केले व केसरिया भात की प्रसादी बांटी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। भीषण गर्मी और उमस के बीच शहरवासियों ने जगह.जगह ठंडे पानी की सेवा दी। रथ से भक्तों को केले की प्रसादी का वितरण किया गया। रथ के ठीक पीछे चल रहे वाहन से केले और केसरिया भात की प्रसादी बांटी गई। यात्रा के समापन स्थल गुजराती समाज वाड़ी में भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ।

**शहर के इन प्रमुख मार्गों से गुजरी जगन्नाथ रथ यात्रा:**-इस्कॉन के भक्त अजय महाजन ने बताया रथ यात्रा महाजनापेठ स्थित बालाजी मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई गुजरी। यात्रा कमल टॉकीज,गांधी चौक,फव्वारा चौक, बाई साहब की हवेली,राजपुरा रोड, डाकवाड़ी, बड़ा पोस्ट ऑफिस, जय स्तंभ, शनवारा से होते हुए गुजराती समाज वाड़ी पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ।

**घर के सामने सजाई रंगोली, झाड़ सेवा और विदेशी संकीर्तन से सजा पूरी मार्ग :**-रथ यात्रा के शुरू होने से पहले महाजनापेठ में महिलाओं ने अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर भगवान जगनाथ की अगवानी की। यह नजारा देखते ही बनता था। परंपरा और अनुशासन का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए महिलाएं और पुरुष रथ के आगे हाथों में झाड़ लेकर रास्ता साफ करते नजर आए।

मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता पाठ कियाए तो वहीं युक्रेन और अन्य विदेशी भक्तों द्वारा प्रस्तुत किए गए हरि नाम संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्तों ने रास्तेभर भजन.कीर्तन कर भगवान जगनाथ, बलभद्र और सुभद्रा की आराधना की।